Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 24/03/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** **100 पुरुषों के पास 27 दिनों का राशन है। यदि 46 पुरुष चले गए, तो शेष पुरुषों के लिए वही राशन कितने दिनों तक चलेगा?**

**Ans**
✗ A. 54
✗ B. 52
✓ C. 50
✗ D. 48

**Q.2** **भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, मानवीय कार्य परिस्थितियों और मातृत्व अवकाश के प्रावधान को अनिवार्य बनाता है?**

**Ans**
✓ A. अनुच्छेद 42
✗ B. अनुच्छेद 41
✗ C. अनुच्छेद 44
✗ D. अनुच्छेद 48

**Q.3** **सतत विकास लक्ष्य – राष्ट्रीय संकेतक ढांचा प्रगति रिपोर्ट, 2025 का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

**Ans**
✓ A. 17 सतत विकास लक्ष्यों की राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रगति की निगरानी करना।
✗ B. भारत के सतत विकास लक्ष्यों की तुलना अन्य देशों से करना।
✗ C. पर्यावरण संबंधी क्षेत्रकार्य करने के लिए
✗ D. सतत विकास परियोजनाओं के लिए राष्ट्रीय निधि आवंटित करना

**Q.4** **यदि संख्या 4528173 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार दिखाई देंगे?**

**Ans**
✓ A. दो
✗ B. एक
✗ C. तीन
✗ D. एक भी नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी गाजर, मटर हैं। सभी मटर, प्याज हैं। कोई भी मटर, टमाटर नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी प्याज, टमाटर नहीं है।
(II) कोई भी गाजर, टमाटर नहीं है।

Ans
✗ A. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
✗ B. निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ C. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
✓ D. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Q.6 नई राइफल प्रणाली से संबंधित किस कार्रवाई ने भारतीय सिपाहियों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया और 1857 में असंतोष का एक प्रमुख कारण बनी?

Ans
✗ A. सैन्य छावनियों में धार्मिक जुलूसों पर रोक लगाना
✓ B. सिपाहियों को पशु की चर्बी लगे कारतूसों को मुँह से काटने के लिए मजबूर करना
✗ C. मंदिर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना
✗ D. सभी सैनिकों के लिए रविवार को चर्च जाना अनिवार्य करना

Q.7 ट्रांस-साइबेरियन रेलवे, रूस का प्रमुख रेल मार्ग है, जो पश्चिम में सेंट पीटर्सबर्ग से पूर्व में प्रशांत महासागरीय तट पर स्थित __________ तक जाता है।

Ans
✗ A. मास्को (Moscow)
✗ B. इरकुत्स्क (Irkutask)
✗ C. नोवोसिबिर्स्क (Novosibirsk)
✓ D. व्लादिवोस्तोक (Vladivostok)

Q.8 पीयूष ने ₹331 में एक वस्तु खरीदी और उसे 5% की हानि पर पायल को बेच दिया। प्राप्त राशि से पीयूष ने एक और वस्तु खरीदी और उसे 60% के लाभ पर बेच दिया। पीयूष का समग्र लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 50%
✗ B. 47%
✗ C. 48%
✓ D. 52%

Q.9 2025 में, अमेरिका और चीन के बाद कौन-सा देश एशिया पावर इंडेक्स में तीसरे स्थान पर था?

Ans
✗ A. ऑस्ट्रेलिया
✗ B. जापान
✗ C. दक्षिण कोरिया
✓ D. भारत

Q.10 दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ A. किसानों को सब्सिडी वाले कृषि इनपुट की आपूर्ति करना
✗ B. ग्रामीण परिवारों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराना
✗ C. गांवों में वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करना
✓ D. ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रदान करना और श्रम रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना

Q.11 प्रकाश संश्लेषण के दौरान अकार्बनिक $CO_2$ को कार्बनिक रूप (शर्करा) में स्थिरीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित में से किस चरण में की जाती है?

Ans
✓ A. केल्विन-बेंसन चक्र
✗ B. प्रकाश-निर्भर चरण
✗ C. क्रेब्स चक्र
✗ D. ग्लाइकोलिसिस

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा फीचर, मुख्यत: स्प्रेडशीट सॉफ्टवेयर को वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर से अलग करता है?

Ans
- ✗ A. फॉन्ट और साइज़ बदलने की क्षमता
- ✓ B. फॉर्मूले का उपयोग करके कैलकुलेशन
- ✗ C. टेक्स्ट को फॉर्मेट करने की क्षमता
- ✗ D. स्लाइड बनाना

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. ILN
- ✗ B. QTW
- ✗ C. JMP
- ✗ D. HKN

Q.14 बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा समझौते को किस संवैधानिक संशोधन के माध्यम से संवैधानिक दर्जा दिया गया था?

Ans
- ✗ A. 98वां संशोधन
- ✗ B. 97वां संशोधन
- ✓ C. 100वां संशोधन
- ✗ D. 101वां संशोधन

Q.15 एक दुकानदार ने 33 दर्जन वस्तुएँ ₹620 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु को ₹93 की दर से बेचा। उसे कितने प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
- ✗ A. 82 %
- ✓ B. 80 %
- ✗ C. 79 %
- ✗ D. 83 %

Q.16 भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, भारतीय संघ की राजभाषाओं से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. भाग XV
- ✗ B. भाग XX
- ✗ C. भाग XVI
- ✓ D. भाग XVII

Q.17 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)

**8 – 16 – 26 – 13 ; 5 – 10 – 20 – 10**

Ans
- ✓ A. 12 – 24 – 34 – 17
- ✗ B. 24 – 48 – 68 – 34
- ✗ C. 34 – 68 – 78 – 156
- ✗ D. 36 – 72 – 144 – 72

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.18 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MEAT' को '5267' के रूप में और 'TIME' को '5362' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 6
- ✓ C. 3
- ✗ D. 5

Q.19 (-9) - (-60) ÷ (-6) + (-2) × 9 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. -39
- ✗ B. -36
- ✓ C. -37
- ✗ D. -40

Q.20 मानव शरीर में किस प्रकार के ग्राही स्वाद का पता लगाने के लिए उत्तरदायी होते हैं?

Ans
- ✗ A. घ्राण ग्राही (Olfactory receptor)
- ✗ B. श्रवण ग्राही (Auditory receptor)
- ✓ C. रससंवेदी ग्राही (Gustatory receptor)
- ✗ D. थर्मो ग्राही (Thermo receptor)

Q.21 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा?
LEV 16, IBS 20, FYP 24, CVM 28, ?

Ans
- ✗ A. ZTL 32
- ✓ B. ZSJ 32
- ✗ C. ZRH 35
- ✗ D. ATK 33

Q.22 निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण निर्धनों के लिए स्वरोजगार प्रदान करना है?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
- ✓ B. दीनदयाल अंत्योदय योजना
- ✗ C. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
- ✗ D. प्रधानमंत्री आवास योजना

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?

Ans
- ✗ A. नेपाली
- ✗ B. उर्दू
- ✗ C. संस्कृत
- ✓ D. अंग्रेज़ी

Q.24 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

21 22 26 35 51 ?

Ans
- ✗ A. 74
- ✗ B. 78
- ✓ C. 76
- ✗ D. 79

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में "अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट्स" (Ultra Mega Power Projects - UMPP) पहल को बढ़ावा देने का प्राथमिक उद्देश्य है?

Ans
- ✗ A. ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सौर प्रणालियाँ
- ✗ B. लघु सौर संयंत्र
- ✓ C. उच्च क्षमता वाले कोयला आधारित विद्युत संयंत्र
- ✗ D. ग्रामीण क्षेत्रों में पवन फार्म

**Q.26** सात व्यक्ति, B, C, O, P, Q, R और S, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। S के दाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। B, P के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। P और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से कोई भी किसी छोर पर नहीं बैठा है। R, Q के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। O और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. तीन

**Q.27** C, D, N, O, P और Q एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। O, D के ठीक ऊपर रहता है। P के ऊपर केवल Q रहता है। C और N के बीच केवल दो लोग रहते हैं। C एक विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है। सबसे निचले तल पर कौन रहता है?

Ans
- ✗ A. P
- ✗ B. N
- ✓ C. C
- ✗ D. D

**Q.28** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, WXPL का संबंध VZMP से है। इसी प्रकार, ZUQH का संबंध YWNL से है। समान तर्क का अनुसरण करने पर, TRKF का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. SUGK
- ✗ B. RTFL
- ✓ C. STHJ
- ✗ D. UPNB

**Q.29** एक निश्चित कूट भाषा में,
V @ I का अर्थ है कि 'V, I का पति है',
V + I का अर्थ है कि 'V, I की पुत्री है',
V x I का अर्थ है कि 'V, I का पिता है', और
V - I का अर्थ है कि 'V, I की माता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'R + J @ K + C' हो, तो K का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. भाई
- ✓ B. माता
- ✗ C. बहन
- ✗ D. पुत्र

**Q.30** सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम मिठानकोट के पास किस नदी तंत्र में मिल जाती हैं?

Ans
- ✓ A. सिंधु
- ✗ B. गोदावरी
- ✗ C. गंगा
- ✗ D. ब्रह्मपुत्र

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.31 यदि A और B की आयु का अनुपात 3 : 5 है, B और C की आयु का अनुपात 2 : 3 है, तथा C और D की आयु का अनुपात 3 : 4 है, तो A और D की आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 7 : 10
- ✗ B. 3 : 13
- ✓ C. 3 : 10
- ✗ D. 5 : 11

Q.32 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक जनवरी 2026 के अनुसार, 2027 में वैश्विक आर्थिक विस्तार निम्नलिखित में से किस दर पर होने की अपेक्षा है?

Ans
- ✗ A. 3.5 प्रतिशत
- ✗ B. 2.9 प्रतिशत
- ✓ C. 3.2 प्रतिशत
- ✗ D. 4.0 प्रतिशत

Q.33 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से HEGK का संबंध DBEJ से है। उसी प्रकार, ILNP का संबंध EILO से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, FMRT का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✓ A. BJPS
- ✗ B. AIOS
- ✗ C. DLRS
- ✗ D. CKQS

Q.34 ₹6320 को A, B, C और D में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B, B और C, तथा C और D के हिस्से क्रमशः 2 : 3, 4 : 5,और 10 : 3 के अनुपात में हैं। A का हिस्सा (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 1350
- ✗ B. 1400
- ✗ C. 1190
- ✓ D. 1280

Q.35 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) O ? Q ! R + S – T $ U * V / A P < W = X : (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक और अक्षर है तथा ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

Q.36 यदि $3x + 2y = 10$ और $2xy = 3$ है, तो $3x - 2y$ का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10
- ✓ B. 8
- ✗ C. 12
- ✗ D. 6

Q.37 एक व्यक्ति ने पहले वस्तु के अंकित मूल्य पर d% की छूट देकर और फिर पहली छूट के बराबर छूट (₹ में) की एक और छूट देकर किसी वस्तु को ₹234 में बेचा। यदि वस्तु का अंकित मूल्य ₹1,800 है, तो d का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 41.9
- ✗ B. 47
- ✗ C. 38.1
- ✓ D. 43.5

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.38 निम्नलिखित आंकड़ों से माध्यिका (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) की गणना कीजिए।

| अंक | 0 -10 | 10 – 30 | 30 - 60 | 60 – 80 | 80 - 90 |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 9 | 19 | 34 | 12 | 6 |

कुल बारंबारता N = 80

Ans
- A. 37.06
- B. 33.14
- C. 40.59
- D. 36.27

Q.39 नवंबर 2025 में IIT बॉम्बे के किस ग्रुप ने क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप (Quantum Diamond Microscope) विकसित किया?

Ans
- A. क्वांटम लीप ग्रुप (Quantum Leap Group)
- B. विकास रिसर्च ग्रुप (Vikas Research Group)
- C. पी-क्वेस्ट ग्रुप (P-Quest Group)
- D. नैनोटेक ग्रुप (NanoTech Group)

Q.40 निम्नलिखित में से किस राज्य में छऊ नृत्य की उत्पत्ति हुई?

Ans
- A. पंजाब
- B. उत्तराखंड
- C. झारखंड
- D. हरियाणा

Q.41 (-9) - (-56) ÷ (-8) + (-4) × 6 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- A. -43
- B. -40
- C. -39
- D. -42

Q.42 एक व्यक्ति स्थिर जल में 8 km/hr की चाल से नाव चला सकता है, जबकि धारा की चाल 3 km/hr है। उसे धारा की दिशा में 11 km और धारा की विपरीत दिशा में 15 km की दूरी तय करने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- A. 5
- B. 4
- C. 3
- D. 6

Q.43 एक कार 10 घंटे चलती है और $i^{वें}$ घंटे के दौरान उसकी चाल $i^3$ km प्रति घंटा है, जहाँ i=1,2,3...,10 है। यात्रा के दौरान कार की औसत चाल _____ km प्रति घंटा है।

Ans
- A. 302.5
- B. 350.2
- C. 305.2
- D. 320.5

Q.44 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 A 5 B 7 C 9 D 2 = ?

Ans
- A. 42
- B. 41
- C. 43
- D. 40

**Q.45** रूपेश का मासिक वेतन ₹18000 है। वह मकान किराए पर ₹5000, बिलों पर ₹2500 खर्च करता है और शेष राशि उसकी मासिक बचत है। यदि उसने अपने जन्मदिन के महीने में अपनी पूरी मासिक बचत जन्मदिन समारोह पर खर्च कर दी, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 115500
- ✘ B. 126000
- ✘ C. 94500
- ✘ D. 105000

**Q.46** निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम, ब्रिटिश संसद द्वारा भारत में, विशेष रूप से बंगाल में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के क्षेत्रों के प्रशासन को विनियमित करने के लिए अधिनियमित किया गया था?

**Ans**
- ✘ A. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784
- ✘ B. भारत सरकार एक्ट, 1858
- ✔ C. रेगुलेटिंग एक्ट, 1773
- ✘ D. चार्टर एक्ट, 1813

**Q.47** ई-कॉमर्स और वित्तीय व्यापार के क्षेत्र में, निवेश संबंधी निर्णयों को सूचित करने के लिए तीव्रता से बदलते मार्केट डेटा की बड़ी मात्रा का विश्लेषण करने तथा जटिल पैटर्न का पता लगाने के लिए कंप्यूटर का कौन-सा एप्लीकेशन आवश्यक है?

**Ans**
- ✘ A. वर्ड प्रोसेसिंग और डेस्कटॉप पब्लिशिंग (Word Processing and Desktop Publishing)
- ✘ B. डेटा एन्क्रिप्शन और सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर (Data Encryption and Security Software)
- ✔ C. रियल-टाइम प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स (Real-time Predictive Analytics)
- ✘ D. इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम (Inventory Management Systems)

**Q.48** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 104 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 1040 है। यदि उनमें से एक संख्या 208 है, तो दोनों संख्याओं का योग क्या है?

**Ans**
- ✘ A. 732
- ✘ B. 736
- ✘ C. 724
- ✔ D. 728

**Q.49** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर ही की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
17, 67
22, 87

**Ans**
- ✘ A. 24, 99
- ✔ B. 25, 99
- ✘ C. 25, 98
- ✘ D. 24, 98

**Q.50** पोलेरॉइड ग्लास (Polaroid glass) का उपयोग फोटोग्राफिक कैमरों में क्यों किया जाता है?

**Ans**
- ✔ A. ध्रुवीकरण के कारण यह प्रकाश की तीव्रता को आधा कर देता है
- ✘ B. यह छवि प्रसंस्करण में सुधार करता है
- ✘ C. यह लेंस के ऑटो फोकस में सहायता करता है
- ✘ D. यह कैमरे के रिज़ॉल्यूशन में सुधार करता है

Prepp
Your Personal Exams Guide


**Q.51** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, 2025 में वायु प्रदूषण के कारण श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि का प्राथमिक कारण कौन-सा प्रदूषक था?

**Ans**
- ✗ A. सल्फर डाइऑक्साइड (SO\u2082)
- ✓ B. कण पदार्थ (PM2.5)
- ✗ C. कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)
- ✗ D. ओजोन (O\u2083)

**Q.52** 2025 के ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स के अनुसार, 148 देशों में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?

**Ans**
- ✗ A. 136
- ✗ B. 138
- ✗ C. 132
- ✓ D. 131

**Q.53** चित्र में दर्शाए अनुसार, दो समांतर रेखाओं, AB ∥ CD को एक तिर्यक रेखा PQ द्वारा काटा जाता है। यदि कोण ∠PMB = 55° है, तो कोण ∠CNM का मान ज्ञात कीजिए।




**Ans**
- ✗ A. 75°
- ✗ B. 55°
- ✓ C. 125°
- ✗ D. 60°

**Q.54** LAN का उपयोग प्रायः विद्यालयों और कार्यालयों में किया जाता है। LAN का पूर्ण रूप क्या है?

**Ans**
- ✗ A. Long Access Network (लॉन्ग एक्सेस नेटवर्क)
- ✓ B. Local Area Network (लोकल एरिया नेटवर्क)
- ✗ C. Linked Access Node (लिंक्ड एक्सेस नोड)
- ✗ D. Large Area Network (लार्ज एरिया नेटवर्क)

**Q.55** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथनः**
सभी सूअर, सियार हैं। सभी सूअर, बिल्ली हैं। सभी हाथी, बिल्ली हैं।

**निष्कर्षः**
(I) सभी हाथी, सियार हैं।
(II) कुछ बिल्ली, सियार हैं।

**Ans**
- ✓ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.56** समूह A में 45 सदस्य, समूह B में 31 सदस्य और समूह C में 48 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹295, ₹311 और ₹233 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 276
- ✗ B. 273
- ✓ C. 275
- ✗ D. 272

**Q.57** दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

81 80 76 67 51 ?

**Ans**
- ✓ A. 26
- ✗ B. 25
- ✗ C. 24
- ✗ D. 27

**Q.58** साधारण ब्याज पर कोई धनराशि किस वार्षिक दर (प्रतिशत में) से 20 वर्षों में स्वयं की 5 गुनी हो जाएगी?

**Ans**
- ✗ A. 18
- ✗ B. 40
- ✗ C. 22
- ✓ D. 20

**Q.59** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. AD-BE
- ✓ B. LO-PS
- ✗ C. RU-SV
- ✗ D. EH-FI

**Q.60** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के संबंध में गलत है?

**Ans**
- ✗ A. अधिनियम यह आदेश देता है कि सामान्य मामलों में अनुरोध के 30 दिनों के भीतर सूचना प्रदान की जानी चाहिए।
- ✗ B. सरकार द्वारा वित्तपोषित सभी गैर-सरकारी संगठन (NGO) सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आते हैं।
- ✓ C. केंद्रीय सूचना आयोग एक संवैधानिक निकाय है।
- ✗ D. इसमें राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायालय सहित सभी संवैधानिक प्राधिकरण शामिल हैं।

**Q.61** 10 cm लंबाई और $\sqrt{5}$ cm चौड़ाई वाले आयत का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (उत्तर को 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 18.52 sq. cm.
- ✓ B. 22.36 sq. cm.
- ✗ C. 17.58 sq. cm.
- ✗ D. 15.98 sq. cm.

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.62 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: पाँच व्यक्ति – रिया, मीना, तनु, सुनीता और कविता – उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं।
पंक्ति के ठीक मध्य में कौन बैठा है?
(I) तनु, मीना के ठीक दाएं पड़ोस में बैठी है, और सुनीता, तनु के ठीक दाएं पड़ोस में बैठी है।
(II) रिया किसी छोर पर बैठी है, और कविता रिया के ठीक बाएं पड़ोस में बैठी है।

Ans
✗ A. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✗ B. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✗ C. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✓ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)।

Q.63 सात व्यक्ति B, C, O, P, Q, R और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S, Q के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। C, R के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। C, B के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। O, S के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। P के दाएँ से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ A. O
✓ B. B
✗ C. Q
✗ D. R

Q.64 भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, संसद को सशस्त्र बलों के सदस्यों और लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी बलों के संबंध में मौलिक अधिकारों की प्रयोज्यता को बदलने का अधिकार प्रदान करता है?

Ans
✓ A. अनुच्छेद 33
✗ B. अनुच्छेद 42
✗ C. अनुच्छेद 35
✗ D. अनुच्छेद 45

Q.65 एक आयताकार खेत की चौड़ाई उसकी लंबाई की $\frac{2}{3}$ है। उसका क्षेत्रफल 600 $m^2$ है। ₹200/m की दर से खेत के चारों ओर बाड़ लगाने का व्यय ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. ₹32,000
✗ B. ₹26,000
✓ C. ₹20,000
✗ D. ₹30,000

Q.66 प्रकाश संश्लेषण के दौरान पदपों द्वारा निर्मित प्राथमिक "भोजन" या ऊर्जा स्रोत किसका एक प्रकार है?

Ans
✗ A. प्रोटीन
✓ B. कार्बोहाइड्रेट
✗ C. विटामिन
✗ D. खनिज

Q.67 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के अंतर्गत, वार्षिक वाणिज्यिक और बागवानी फसलों के लिए किसानों द्वारा भुगतान की जाने वाली प्रीमियम दर कितनी है?

Ans
✗ A. बीमित राशि का 7%
✓ B. बीमित राशि का 5%
✗ C. बीमित राशि का 2%
✗ D. बीमित राशि का 3%

| | |
|---|---|
| Q.68 | यदि 4 : 12 :: 2.1 : x और 9 : 36 :: 8 : y है, तो x और y का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ A. 63 : 320 |
| | ✗ B. 67 : 330 |
| | ✗ C. 61 : 321 |
| | ✗ D. 64 : 318 |

| | |
|---|---|
| Q.69 | एक टाइपिस्ट को 2 पेज टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। उसे 95 पेज टाइप करने में कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 1910 |
| | ✔ B. 1900 |
| | ✗ C. 1905 |
| | ✗ D. 1890 |

| | |
|---|---|
| Q.70 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br>TVA 7, QSX 10, NPU 13, KMR 16, ? |
| Ans | ✗ A. IKP 21 |
| | ✔ B. HJO 19 |
| | ✗ C. HKQ 19 |
| | ✗ D. HIM 20 |

| | |
|---|---|
| Q.71 | स्टैंड अप इंडिया योजना, निम्नलिखित में से किस वर्ष शुरू की गई थी? |
| Ans | ✗ A. 2014 |
| | ✗ B. 2019 |
| | ✔ C. 2016 |
| | ✗ D. 2015 |

| | |
|---|---|
| Q.72 | निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।<br><br>(बाएँ) B R © # # # W & S @ Z @ @ A & L @ @ I © O © (दाएँ)<br><br>ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है? |
| Ans | ✗ A. 2 |
| | ✔ B. 1 |
| | ✗ C. 0 |
| | ✗ D. 3 |

| | |
|---|---|
| Q.73 | सात डिब्बे K, L, O, P, S, T और W एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। T के नीचे केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। O और T के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। T और W के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। O के ऊपर केवल W रखा गया है। S, O के ठीक नीचे रखा गया है। L को K के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है और P के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। T और L के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. चार |
| | ✔ D. एक |

| | |
|---|---|
| Q.74 | विंडोज़ के निम्नलिखित घटकों में से कौन-सा घटक प्रायः उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेशन और सिस्टम सेटिंग्स तक त्वरित एक्सेस प्रदान करता है? |
| Ans | ✗ A. डिस्क क्लीनअप (Disk Cleanup) |
| | ✔ B. टास्कबार (Taskbar) |
| | ✗ C. रिसाइकल बिन (Recycle Bin) |
| | ✗ D. डेस्कटॉप वॉलपेपर (Desktop Wallpaper) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.75** प्रियांशी इस व्यंजक को हल करना चाहती है:

$3.6 + \frac{5}{4} \times 2.4 - \frac{1}{2}$

इस व्यंजक का मान कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 6.5
- ✗ B. 7.1
- ✗ C. 7.5
- ✓ D. 6.1

**Q.76** आशीष के पास ₹1404 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो बेटों, अरुण और महेश के बीच विभाजित करता है, और उन्हें अपने-अपने हिस्सों को 8% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यह पाया जाता है कि अरुण के निवेश का मूल्य 17 वर्ष बाद उतना ही होता है जितना महेश के निवेश का मूल्य 18 वर्ष बाद होता है। आशीष ने महेश को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
- ✗ A. 525
- ✓ B. 675
- ✗ C. 829
- ✗ D. 729

**Q.77** कार्स्ट दृश्यभूमियों के निर्माण के लिए मुख्य रूप से किस प्रकार का अपक्षय उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✗ A. जैविक अपक्षय
- ✗ B. तापीय अपक्षय
- ✗ C. बलकृत अपक्षय
- ✓ D. रासायनिक अपक्षय

**Q.78** निम्नलिखित में से किस देवता से कर्नाटक का पारंपरिक नृत्य डोलू कुनिथा (Dollu Kunitha) संबंधित है?

**Ans**
- ✓ A. भगवान शिव
- ✗ B. भगवान ब्रह्मा
- ✗ C. भगवान गणेश
- ✗ D. भगवान विष्णु

**Q.79** यदि $\alpha$, $\beta$ द्विघात समीकरण $2x^2 - 3x + 5 = 0$ के मूल हैं, तो $\alpha^2 + \beta^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{17}{4}$
- ✗ B. $\frac{7}{4}$
- ✓ C. $-\frac{11}{4}$
- ✗ D. $-\frac{13}{4}$

**Q.80** यदि $2\mathrm{cosec}A = 3\sec A$ है, तो $\frac{(1-\cos A)(1+\cos A)}{(1-\sin A)(1+\sin A)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. $\frac{4}{9}$
- ✗ B. $\frac{2}{3}$
- ✗ C. $\frac{\sqrt{13}}{9}$
- ✗ D. $\frac{4}{\sqrt{13}}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.81** निम्नलिखित बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अंतराल | 10-15 | 15-20 | 20-25 | 25-30 | 30-35 | 35-40 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 30 | 48 | 72 | 36 | 24 | 18 |

**Ans**
- ✗ A. 22.5
- ✗ B. 25
- ✗ C. 24.25
- ✓ D. 22

**Q.82** स्नेहा बिंदु Q से चलना प्रारंभ करती है, पूर्व दिशा की ओर 5 km चलती है, बाईं ओर मुड़ती है और 7 km चलती है, फिर दाईं ओर मुड़ती है और 3 km चलती है, फिर दाईं ओर मुड़ती है और 7 km चलती है और फिर बाईं ओर मुड़ती है और 2 km चलती है। वह बिंदु Q से कितनी दूर और किस दिशा में है? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
- ✗ A. 5 km, दक्षिण की ओर
- ✓ B. 10 km, पूर्व की ओर
- ✗ C. 7 km, उत्तर की ओर
- ✗ D. 2 km, पश्चिम की ओर

**Q.83** A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
C के नीचे केवल दो व्यक्ति रहते हैं। B और C के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। A, E के ऊपर लेकिन C के नीचे रहता है। F, D के ऊपर नहीं रहता है।
B के ठीक नीचे कौन रहता है?

**Ans**
- ✗ A. F
- ✗ B. C
- ✓ C. D
- ✗ D. A

**Q.84** अक्टूबर 2025 में जिनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD16) के 16वें सत्र की थीम क्या थी?

**Ans**
- ✓ A. भविष्य को आकार देना: समतामूलक, समावेशी और सतत विकास के लिए आर्थिक परिवर्तन को गति देना
- ✗ B. सतत अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देना
- ✗ C. वैश्विक व्यापार और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना
- ✗ D. सतत भविष्य के लिए जलवायु कार्रवाई

**Q.85** भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के चरमपंथी चरण के दौरान किस नेता ने प्रसिद्ध रूप से घोषणा की थी, 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा'?

**Ans**
- ✗ A. लाला लाजपत राय
- ✗ B. अरबिंदो घोष
- ✓ C. बाल गंगाधर तिलक
- ✗ D. बिपिन चंद्र पाल

**Q.86** एक कक्षा में 17 विद्यार्थियों के अंकों का औसत 40 है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी के अंक दोगुने कर दिए जाएं, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 17
- ✗ B. 34
- ✗ C. 40
- ✓ D. 80

Prepp Your Personal Exam Guide

| | |
|---|---|
| Q.87 | यदि A का वेतन, B के वेतन से 13% अधिक है, तो B का वेतन, A के वेतन से कितने प्रतिशत कम है? (अपना उत्तर दशमलव के ठीक दो स्थानों तक दीजिए।) |
| Ans | ✔ A. 11.50%<br>✗ B. 14.72%<br>✗ C. 14.22%<br>✗ D. 10.50% |

| | |
|---|---|
| Q.88 | प्रशासनिक शब्दों को उनके विवरणों से सुमेलित कीजिए।<br>शब्द/शासक विवरण<br>A. न्याय चक्र (Circle of Justice) 1. शासकों, सैनिकों और कृषकों की परस्पर निर्भरता को समझाने वाली अवधारणा<br>B. इक्ता (Iqta) 2. राजस्व संग्रह और सैन्य रखरखाव के लिए राज्यपालों को दी जाने वाली भूमि<br>C. रज़िया सुल्तान (Razia Sultan ) 3. इल्तुतमिश की पुत्री; जिसे जेंडर के कारण विरोध का सामना करना पड़ा<br>D. मिनहाज-उस-सिराज (Minhaj-us-Siraj) 4. महिला शासकों की आलोचना करने वाला इतिहासकार |
| Ans | ✗ A. A-4, B-2, C-1, D-3<br>✔ B. A-1, B-2, C-3, D-4<br>✗ C. A-2, B-1, C-4, D-3<br>✗ D. A-3, B-4, C-1, D-2 |

| | |
|---|---|
| Q.89 | निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं) (गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है)<br><br>(बाएं) Z Q Y 7 * 9 E D V Z R X 4 * N G T B 3 X A T 4 H (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक अक्षर भी है? |
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं<br>✗ B. दो<br>✔ C. एक<br>✗ D. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.90 | कथन "अधिकांश प्रमुख प्रायद्वीपीय नदियाँ पश्चिम से पूर्व की ओर बहती हैं।", निम्नलिखित में से किसके लिए एक अपवाद है? |
| Ans | ✗ A. गोदावरी और कृष्णा<br>✗ B. महानदी और कावेरी<br>✔ C. नर्मदा और तापी<br>✗ D. कावेरी और कृष्णा |

| | |
|---|---|
| Q.91 | IIT हैदराबाद में 58वीं इंटर-IIT स्पोर्ट्स मीट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कौन थे? |
| Ans | ✗ A. बी.वी.आर. मोहन रेड्डी<br>✔ B. साइना नेहवाल<br>✗ C. पुल्लेला गोपीचंद<br>✗ D. प्रोफेसर बी. एस. मूर्ति |

| | |
|---|---|
| Q.92 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'NEAR' को '3519' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'GROW' को '8645' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✗ A. 8<br>✗ B. 9<br>✗ C. 6<br>✔ D. 5 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.93 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'G – C + D # L % Q' है, तो G का Q से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी का भाई
- ✗ B. बहन का पति
- ✓ C. माता का भाई
- ✗ D. बहन की पुत्री

Q.94 ABCD एक समचतुर्भुज है जिसमें ∠ACB = 50° है। ∠ADB का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. $70°$
- ✗ B. $50°$
- ✗ C. $60°$
- ✓ D. $40°$

Q.95 नीचे दिए गए समीकरणों के निकाय को X, Y और Z के लिए हल कीजिए:

$$X + 2Y + 4Z = 12$$
$$2X + 2Y + 3Z = 10$$
$$3X + 2Y + Z = 8$$

Ans
- ✓ A. X = −2, Y = 7, Z = 0
- ✗ B. X = 0, Y = 2, Z = 2
- ✗ C. X = −2, Y = 1, Z = 3
- ✗ D. X = −2, Y = −1, Z = 4

Q.96 भारतीय संविधान की कौन-सी अनुसूची, राज्यसभा में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सीटों के आवंटन से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. दूसरी अनुसूची
- ✗ B. पहली अनुसूची
- ✓ C. चौथी अनुसूची
- ✗ D. छठी अनुसूची

Q.97 पंडित बिरजू महाराज द्वारा स्थापित कौन-सा संस्थान, कथक और संबंधित विद्याशाखाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने पर केंद्रित है?

Ans
- ✗ A. नाट्य वृक्ष
- ✓ B. कलाश्रम
- ✗ C. सतरंग कला
- ✗ D. कला केंद्र

Q.98 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 6 का संबंध 80 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 140 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 24 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

Ans
- ✗ A. 270
- ✓ B. 260
- ✗ C. 280
- ✗ D. 290

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, SGYU का संबंध किसी निश्चित तरीके से UJAX से है। इसी प्रकार, ASGG का संबंध CVIJ से है। इसी तर्क के आधार पर, GBMP का संबंध, निम्नलिखित में से किस विकल्प से है? | |
| Ans | ✗ A. SOMK<br>✗ B. EIKO<br>✓ C. IEOS<br>✗ D. SOMI | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | निम्नलिखित में से कौन-सा राजवंश, वारंगल में 12वीं शताब्दी में निर्मित हजार स्तंभ मंदिर (Thousand Pillars Temple) से संबंधित है? | |
| Ans | ✗ A. होयसाल राजवंश<br>✗ B. राष्ट्रकूट राजवंश<br>✗ C. चालुक्य राजवंश<br>✓ D. काकतीय राजवंश | |

"

Prepp
Your Personal Exam Guide